भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +3351
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

झारखंड में विभिन्न परियोजनाओं हेतु स्वीकृत निधि

+3351. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान झारखंड राज्य को विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई कुल धनराशि कितनी हैः
(ख) यदि हां; तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान अपनी योजनाओं के तहत झारखंड राज्य सरकार को स्वीकृत परियोजनाएं, जारी की गई धनराशि तथा झारखंड राज्य सरकार द्वारा उपयोग की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:-

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:		**राशि - करोड़ रु**		
क्र सं.	**परियोजना का नाम एवं स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना लागत**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1	वर्ष 2018-19 में इको परिपथ के तहत डालमा - चांडिल - गेतलसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट का विकास	52.72	15.07	4.25
प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:		**राशि - करोड़ रु**		
1	बैद्यनाथ जी धाम, देवघर का विकास (2018-19)	39.13	20.58	16.42

****